## महत्वपूर्ण एवं खास

### विधवा पुर्नविवाह परिचय सम्मेलन रायपुर में 10 को

**कोरबा।** नेचर्स केयर एंड सोशल वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष श्रीमती विनिता पाण्डेय ने रविवार को प्रेस क्लब तिलक भवन में पत्रकार वार्ता बताया कि 6वां राष्ट्रीय विधवा पुर्नविवाह परिचय सम्मेलन का आयोजन 10 अगस्त के राजधानी रायपुर में होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2016 से विधवाओं को कात्यायनी नाम से संबोधित किया जाता है। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में विगत 10 वर्षों से सेवा का कार्य कर रही यह संस्था महिलाओं के लिए अतिसंवेदनशील विषय विधवा/परित्यकता के पुर्नउत्थान के लिए उनको समाज में स्थापित करने राष्ट्रीय स्तर पर विधवा (कात्यायनी) पुर्नविवाह के लिए परिचय सम्मेलन करवा उनके परिवारों में लगातार खुशियां लाने का प्रयास करते आ रही है। इसी के तहत 10 अगस्त को रायपुर स्थित दीनदयाल आडिटोरियम में संस्था और समाज कल्याण विभाग छग के संयुक्त तत्वावधान में परिचय सम्मेलन आयोजित है जिसका पंजीयन शुरू हो गया है। परिचय सम्मेलन में शामिल होने के लिए आवेदन पत्र संस्था द्वारा चिन्हित स्थल के अलावा जिला स्तर में समाज कल्याण विभाग जिला कार्यालय व जिनियस कम्प्यूटर, डंगनिया, कृष्णसुदामा पुरी दीनदयाल उपाध्यय नगर में निःशुल्क उपलब्ध है। आवेदकों को अपने परिचय पत्र एवं पूर्व विवाह के वैध दस्तावेजों के आधार पर पंजीयन करवाना होगा।

### स्वर्णकार महिला मंडल ने मनाया सावन तीज उत्सव

**कोरबा।** शारदा विहार स्थित सामुदायिक भवन में श्रीमती तारा श्याम सुंदर सोनी की अगुवाई में महिला मंडल की सदस्यों द्वारा सावन उत्सव का आयोजन किया गया। विभिन्न सांस्कृतिक एवं खेल प्रतियोगिताएं सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि श्रीमती कल्पना मिश्रा एवं डॉ. ज्योति वास्तव थे। सावन चीन रही डॉ. सरगम दिनेश सोनी एवं कुर्सी दौड़ की विजेता श्रीमती तन्नू दिनेश सोनी व श्रीमती मंजू विजय सोनी रहीं। कार्यक्रम में श्रीमती पुष्पा सोनी, श्रीमती कांता सोनी, श्रीमती सुशीला सोनी, श्रीमती रंजू सोनी, श्रीमती राज कुमारी सोनी, उषा सोनी, श्रीमती हेमलता सोनी, पार्वती सोनी, श्रीमती सरोज सोनी, श्रीमती विनीता सोनी, श्रीमती माया सोनी, निर्मला सोनी, शोभना सोनी, रेखा सोनी, श्यामा सोनी, सरला सोनी सुनीता सोनी, विनाता सोनी, सुमन सोनी, चंदा सोनी एवं अन्य महिलाओं का योगदान रहा।

### टिपर का पहिया धंसा

**कोरबा।** मानिकपुर खदान में मिट्टी डंप करते वक्त निजी कंपनी का टिपर का पिछला चक्का धंस गया। दूसरे टिपर के माध्यम से खींच कर उसे बाहर निकाला गया। बताया गया कि एसईसीएल कोरबा क्षेत्र की मानिकपुर खदान में मिट्टी निकासी का काम नारायणी कंपनी कर रही है। खदान से मिट्टी निकाल कर वर्तमान में खदान की वेस्टर्न चारी में डंप किया जा रहा है। बारिश के कारण मिट्टी गीली हो जाने से वाहन के चक्के फंस रहे हैं। बावजूद टिपर चालक मिट्टी डंपिंग कार्य में जुटे हुए हैं। शनिवार को दोपहर एक बजे कंपनी का एक टिपर मिट्टी डंप करने पहुंचा था, तभी वाहन के पिछले चक्के डंपिंग क्षेत्र में धंस गए और वाहन थोड़ा झुक गया। अप्रिय स्थिति निर्मित होने के भय से आनन-फानन में चालक वाहन से कूद कर बाहर निकला।

### तृतीय सावन सोमवार को भक्तों की लगी शिवालयों में कतार

**रायपुर।** राजधानी के हटकेश्वर महादेव मंदिर महादेव घाट, खारूनेश्वर महादेव, बूढ़ेश्वर महादेव, नीलकंठेश्वर महादेव, बंजारीधाम वाले भोलेनाथ सहित अनेक शिवालयों में भक्तों ने विधिवत पूजन अर्चन कर महादेव को फूलों एवं फलों को अर्पित कर अपने जीवन में एवं परिवार में सुख शांति की प्रार्थना की। राजिम स्थित कुलेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही भक्त कतार लगातार अपनी बारी आने का इंतजार करते रहे। हमारे 27 जिलों के संवाददाताओं ने जानकारी देते हुए बताया कि सुबह से ही उनके क्षेत्र में बड़ी संख्या में भक्त शिवालयों में जलाभिषेक एवं दुग्धाभिषेक करने के लिए कतारबद्ध हैं।

### किशोर लापता, गुम इंसान का मामला दर्ज

**रायपुर।** किशोर के घर से लापता हो जाने की रिपोर्ट देवेंद्र नगर थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार दुर्गानगर रायपुर निवासी पिता 40 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि दुर्गानगर स्थित घर से 24 जून को प्रार्थी का लड़का 14 वर्ष बिना बताए कहीं चला गया है। प्रार्थी ने आशंका जाहिर की है कि किसी ने नाबालिग बेटे को बहला फुसलाकर अपहरण कर लिया है।

# अप्रैल से जुलाई तक पंजीयन राजस्व में 28 प्रतिशत बढ़ोतरी

**» मिला 406 करोड़ का राजस्व**

**» पंजीयन कार्यालयों को बनाया जाएगा सर्वसुविधायुक्त**

**रायपुर।** राजस्व एवं वाणिज्यिक कर (पंजीयन) मंत्री जय सिंह अग्रवाल ने आज यहां नवीन विश्राम भवन में पंजीयन विभाग के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 में अब तक प्राप्त पंजीयन राजस्व की जिलेवार समीक्षा की। उन्होंने पंजीबद्ध दस्तावेजों तथा मुद्रांक, आर.आर.सी., न्यायालयीन और ऑडिट प्रकरणों की जिलेवार जानकारी लेने के साथ ही ई-पंजीयन कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की। उन्होंने इस वर्ष नए बनने वाले उप पंजीयक और जिला पंजीयक कार्यालयों के लिए भूमि अधिग्रहण का काम शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि निर्माण कार्य शुरू कराया जा सके। वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग के सचिव सुबोध सिंह भी समीक्षा बैठक में मौजूद थे।

अग्रवाल ने बैठक में पंजीयन की प्रक्रिया को सरल और त्वरित बनाने



राज्य सरकार द्वारा जनहित में लिए जा रहे फैसलों को नियमित रूप से लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को भी शासन के नए फैसलों और प्रावधानों के बारे में पूरी जानकारी रखने कहा। उन्होंने बताया कि जमीनों की गाइडलाइन दर 30 प्रतिशत कम करने और 75 लाख रूपए कीमत तक के आवासीय संपत्ति का पंजीयन दर 4 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत करने का निर्णय हाल ही में राज्य सरकार ने लिया है। बैठक में वाणिज्यिक कर (पंजीयन) मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने कार्यालयों में इस तरह की व्यवस्था बनाएं कि पंजीयन के लिए आए लोगों का काम जल्दी से पूरा हो जाए। उन्होंने पंजीयन कार्यालयों की व्यवस्था की समीक्षा कर इसे सर्वसुविधायुक्त बनाने कहा। पंजीयन कार्यालयों का आधुनिकीकरण कर प्रतीक्षालय, पेयजल, शौचालय, दिव्यांगों के लिए रैंप, सूचना बोर्ड और हेल्पडेस्क की सुविधा मुहैया कराएं। उन्होंने पंजीयन के जरिए अधिक से अधिक राजस्व जुटाने और पक्षकारों को बेहतर सुविधाएं देने पूरे विभाग को एक टीम की तरह काम करने कहा। पंजीयन एवं मुद्रांक महानिरीक्षक धर्मेश साहू ने समीक्षा बैठक में बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में एक हजार 500 करोड़ रूपए राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य

## अवैध शराब के साथ 4 गिरफ्तार, 108 पाव शराब जब्त

**रायपुर(आरएनएस)।** अलग - अलग थाना क्षेत्र में अवैध शराब बेचे जाने की सूचना पर पुलिस ने छापा मारकर 4 लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 108 पाव देसी व अंग्रेजी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार आजाद चौक थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना को सारथी चौक, आमापारा में विकास सेंद्रे 26 वर्ष पिता स्वर्गीय चितरूलाल सेंद्रे को गिरफ्तार कर उसके पास से अवैध 29 पाव अंग्रेजी पाए जाने पर गिरफ्तार किया है। इसी तरह गुढ़ियारी थाना क्षेत्र पुलिस ने अशोक नगर से दीपक कुमार बोरकर 39 वर्ष पिता रामकुमार बोरकर को गिरफ्तार कर 30 पाव अवैध देसी शराब पाए जाने पर गिरफ्तार किया है एवं कुकरी तालाब गुढ़ियारी के पास होरीलाल जांगड़े 38 वर्ष पिता स्व. आसलाल जांगड़े को अवैध रूप से शराब बेचने के जुर्म में गिरफ्तार कर 18 पांव देसी शराब जब्त किया गया है। वहीं अभनपुर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध रूप से शराब बेचते पाए जाने पर ऊपरवारा अभनपुर से प्रदीप कुमार चंद्रकार 42 वर्ष पिता स्व. राधेश्याम चंद्राकर करे गिरफ्तार कर 31 पांव देसी शराब जब्त किया है।

## कर्ज माफी और 2500 रुपए में धान खरीदी का वादा निभाया : गुरू रूद्रकुमार

**» शामिल हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री**

**रायपुर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरु रुद्रकुमार ने कहा कि हम ने किसानों की बेहतरी के लिए ऋण माफी का वादा किया था। आज हम ऋण माफी त्योहार मना रहे हैं और मुझे खुशी है कि मैं आपके बीच आया हूँ। हम ने किसानों से किया वादा निभाया, न केवल कर्ज माफ ी की अपितु 2500 रुपए में धान खरीदी का वायदा भी पूरा किया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी



मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने आज दुर्ग जिले के अहिवारा और मुरमुन्दा जिला सहकारी बैंक की शाखाओं में आयोजित ऋण माफी तिहार पर ग्रामिणों को सम्बोधित कर रहे थे। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने कहा कि ऋण माफी के निर्णय से केवल किसानों को ही लाभ नहीं हुआ, इससे व्यापारिक वर्ग को भी बड़ा लाभ हुआ। बाजार में नई ऊर्जा का संचार हुआ। ऑटोमोबाइल सेक्टर भी बेहतर हुआ है। बरसों से किसान अपनी भूमि के विकास के लिए, खेती की बेहतरी के लिए कुछ कार्य नहीं कर पा रहे थे। कर्ज माफी और 2500 रूपए में धान खरीदी ने किसानों को इसके लिए पूंजी उपलब्ध कराई। प्रदेश में दीर्घ काल के लिए कृषि विकास हेतु यह संजीवनी की तरह काम करेगी। मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने कहा कि शासन के लिए किसानों की बेहतरी सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

## जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव का बोर्ड तत्काल प्रभाव से निलंबित

**बैंक के कामकाज के प्रबंध के लिए कलेक्टर राजनांदगांव की अध्यक्षता में प्रबंध समिति गठित**

**रायपुर।** पंजीयक सहकारी संस्थाएं छत्तीसगढ़ ने छत्तीसगढ़ सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 में दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव के बोर्ड को अनियमितता बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पंजीयक सहकारी संस्थाएं छत्तीसगढ द्वारा कल 3 जुलाई को इस आशय का आदेश जारी कर दिया गया है , जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। पंजीयक सहकारी संस्थाएं , छत्तीसगढ़ ने अपने आदेश में कहा है कि छत्तीसगढ़ सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 53 की धारा 2 के आधीन प्रचलित कार्रवाई के दौरान बोर्ड को कार्य करने दिया जाना जिला सहकारी बैंक राजनांदगांव के सदस्यों तथा अमानत धारियों के व्यापक हितों के प्रतिकूल होगा। पंजीयक सहकारी संस्थाएं छत्तीसगढ़ ने बोर्ड के निलंबन की अवधि में बैंक के कामकाज के प्रबंध के लिए कलेक्टर राजनांदगांव की अध्यक्षता में प्रबंध समिति गठित कर दी है । नाबार्ड द्वारा नामांकित अधिकारी और उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं , राजनांदगांव इस समिति के सदस्य तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव इसके सदस्य सचिव होंगे। ज्ञातव्य है कि पंजीयक सहकारी संस्थाएं छत्तीसगढ़ द्वारा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव के बोर्ड को हटाने के लिए छत्तीसगढ़ सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 53 की उप धारा 2 के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है ।

## छग से गुजरने वाली मुंबई-हावड़ा की कई ट्रेनें रद्द रहने से यात्री हुए परेशान

**रायपुर (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के मुंबई में भारी बारिश के कारण छत्तीसगढ़ से होकर गुजरने वाली मुंबई-हावड़ा की कई ट्रेनों के रद्द रहने के कारण सोमवार को यहां नहीं पहुंची, गाड़ियां रद्द होने से यात्रियों को अपनी टिकिट केंसल करानी पड़ी। रेल मंडल के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार मुंबई में भारी बारिश होने का असर रेल लाईन पर भी पड़ा है। मुंबई से चलकर छग होकर हावड़ा एवं हावड़ा से मुंबई जाने वाली भी कई गाड़ियां 4 अगस्त को रद्द रही, जिसके चलते ये ट्रेनें 5 अगस्त को छग भी नहीं पहुंची। इसके कारण इन ट्रेनों में रिजर्वेसन कराने वाले यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। ट्रेन रद्द रहने के कारण हजारों की संख्या में यात्रियों ने अपनी टिकिट केंसल कराना पड़ी। रद्द रही गाड़ियों में मुंबई हावड़ा गीतांजली एक्सप्रेस, मुंबई-हावड़ा एक्सप्रेस, मुंबई-गोंदिया एक्सप्रेस, मुंबई-हावड़ा मेल, कुर्ला-भुनेश्वर एक्सप्रेस, कुर्ला-शालीमार एक्सप्रेस, हावड़ा-मुंबई मेल, हावड़ा-कुर्ला ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस, हावड़ा-मुंबई दूरंतो एक्सप्रेस के अलावा कुछ गाड़ियां परिवर्तित मार्ग से चलाई जाएगी।

## ट्रेनों में किन्नर यात्रियों से कर रहे जबरिया वसूली, पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई

**0 प्रति व्यक्ति मांग करते हैं 20 रुपये, नहीं देने पर गालीगलौज व मारपीट पर उतारू**

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर से होकर मुंबई, अहमदाबाद, हावड़ा, बिहार अन्य राज्यों की ओर जाने वाली एक्सप्रेस व सुपर फास्ट ट्रेनों में किन्नरों के द्वारा यात्रियों से जबरन उगाही किये जाने से यात्री परेशान है। यात्रियों ने रेलवे के द्वारा ट्रेनों को सर्वसुविधायुक्त बनाने की तो बात कही जाती है लेकिन ट्रेनों में लंबी दूरी तक यात्रा करने वाले यात्रियों को किन्नरों के द्वारा पैसे की मांग कर जबरन उगाही की जा रही है। यात्रियों ने जीआरपी एवं आरपीएफ के जवानों की जानकारी में उक्त मामले के होने के बावजूद भी प्रभावी कार्रवाई नहीं करने पर कड़ी आपत्ति व्यक्त की है। सुरक्षित यात्रा के लिए यात्रियों ने केंद्रीय रेल मंत्रालय के जिम्मेदारों से जोन महाप्रबंधक बिलासपुर को यात्रियों से हो रही वसूली रोकने के लिए तत्काल निर्देश देने की मांग की है। यात्रियों से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर से नागपुर तक जाने के लिए रायपुर स्टेशन से छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में बैठे यात्रियों ने बताया कि रायपुर स्टेशन में प्लेट फार्म नंबर एक पर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के आते ही किन्नर ट्रेन के जनरल डिब्बों में घुसकर यात्रियों से प्रति व्यक्ति 20 रुपये की मांग करने लगे नहीं देने पर गालीगलौज के साथ मारपीट करने पर उतारू हो जाते हैं।

## सहकारिता में काले अध्याय की समाप्ति का स्वागत- कांग्रेस

**राजनांदगांव, (आरएनएस)।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष नवाज़ भाई ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक राजनांदगांव पर अनिमितता चलते भंग करने के सरकार के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि इस निर्णय से यह साफ हो गया कि कांग्रेस सरकार किसानों के हितों पर चोट पहुचाने वालो को नही बख्शेगी छ.ग. में जब से भाजपा सत्तासीन हुई थी तब से सहकारिता की जो दुर्गति हुई वह अपने आप में काला अध्याय है अब खुलासा हुआ है तो दोषियों पर पद का दुरूपयोग कर आर्थिक अनिमितता, अपात्र को लाभ पहुचाने मामले पर त्वरित कार्यवाही कर ठोस निर्णय लेते हुए संलिप्त लोगो को सबक सिखाया है।



प्रवक्ता रूपेश दुबे ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि जिला अध्यक्ष नवाज़ भाई ने कहा कि कांग्रेस प्रारंभ से सहकारिता के अनियमितता के खिलाफ अवाज उठा कर जैसे वर्ष 2015-16 में फ सल बीमा राशि फ र्जीवाड़ा, सोसायटी चुनावों में अंधेरगर्दी, सोसायटियों में रिवालवीन फं ड की राशि में बंदरबाट एवं अवैध आहरण, अमानक खाद वितरण, धान खरीदी में दलालों को बढ़ावा, किसानो के धान तौलाई में कांटामारी, नियुक्ति पदस्थापना का खेल सहित लचर प्रशासनिक व्यवस्था के चलते 1करोड़ 1लाख 49 हजार 941 रूपये का जुर्माने की कार्यवाही हुई थी।

जिससे जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की प्रतिष्ठा धूमिल हुई थी इन सब फर्जीवाड़ों को भाजपा सरकार का संरक्षण मिलता रहा और भर्रासाही चरम पर पहुंच गई थी उसके बाद भी किसानो के हितों के निर्णय लेने में संचालक मंडल गंभीर नहीं थी फ सल बीमा प्रीमियम राशि प्राप्त करने के बाद भी निर्धारित समय में जमा नहीं करने के बाते भी सामने आई थी जिसके कारण हजारो किसान फ सल बीमा से वंचित हुए और छ.ग. की कांग्रेस सरकार ने किसानों की ऋण माफ ी की घोषणा कर किसानों को आत्महत्या जैसे कदम उठाने से बचाने का काम कर रही थी तब सहकारी बैंक राजनांदगांव चिर निद्रा में किसानो को उनके हक से वंचित करने का अक्षम्य कृत्य किया है।

## फिल्मों को फास्ट फूड न बनाएंः सनी देओल

बॉलिवुड के धमाकेदार ऐक्टर रहे सनी देओल अब अपने परिवार की ऐक्टिंग की विरासत को अब तीसरी पीढ़ी को सौंपने के लिए तैयार हैं। उनके बेटे करण देओल एक नई ऐक्ट्रेस सहर बंबा के साथ फिल्म पल पल दिल के पास से डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म का डायरेक्शन भी सनी देओल ने ही किया है।

इस बारे में बात करते हुए सनी ने कहा कि वह काफी नर्वस हैं। उन्होंने कहा, मेरी पीढ़ी में मैं पहला व्यक्ति था जिसे बॉलिवुड में लॉन्च किया गया था। अब मुझे समझ में आ रहा है कि मेरे पिता धर्मेंद्र भी बेताब के समय इसी दौर से गुजरे होंगे। आप जबतक खुद पिता नहीं बनते हैं आप एक पिता के दर्द, डर और प्यार को नहीं समझ सकते हैं।



सनी देओल को एक ऐक्शन हीरो माना जाता है लेकिन वह अब एक लव स्टोरी बना रहे हैं। सनी का कहना है कि सच्चा प्यार केवल मासूम चेहरों में ही दिखाई देता है लेकिन उनकी मासूमियत पहली फिल्म के बाद ही गायब हो गई थी। हालांकि उनका कहना है कि देओल परिवार के लोग ढाई किलो के हाथ साथ ही दिल से बेहद कोमल हैं।

सनी का मानना है कि दो तरह की फिल्में होती हैं एक नौटंकी जैसी फिल्म और एक ऐसी जिन पर विश्वास किया जा सकता है। हॉलिवुड का फैन होने के नाते सनी का कहना है कि वह दूसरे तरह की फिल्मों को ज्यादा पसंद करते हैं। उन्होंने कहा, मैं आजकल बन रही फिल्मों की बुराई नहीं कर रहा हूं। मैं केवल इतना इतना कहना चाहता हूं कि फिल्मों को फास्ट फूड मत बनाइए। हर किसी को हिट फिल्म चाहिए लेकिन सतर्कता से उस पर काम नहीं करते हैं। कई बार

## भारत की पहली महिला हॉर्स जॉकी का रोल प्ले करेंगी तापसी पन्नू



बदला, मुल्क और अपनी हालिया रिलीज फिल्म गेम ओवर में दमदार परफॉर्मेंस देने के बाद अब ऐक्ट्रेस तापसी पन्नू को एक और फिल्म के लिए अप्रोच किया गया है। यह फिल्म हॉर्स जॉकी रूपा सिंह की बायॉपिक होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नाम शबाना के डायरेक्टर शिवम नायर ने उन्हें फिल्म के लिए अप्रोच किया है जो कि भारत की पहली महिला हॉर्स जॉकी रूपा सिंह की जिंदगी पर बेस्ड है। डायरेक्टर ने इसके लिए राइट्स ले लिए हैं और अभी फिल्म की कहानी पर काम कर रहे हैं। उन्होंने यह आइडिया तापसी को सुनाया है जो कि ऐक्ट्रेस को पसंद आया है। हालांकि, बाउंड स्क्रिप्ट लॉक होनी बाकी है और इसीलिए नरेशन अभी पेंडिंग है। कहा जा रहा ह कि यह प्रॉजेक्ट अगले साल लोर पर जा सकता है।

## हाउसफुल 4 होगी बॉलिवुड की सबसे महंगी कॉमिडी फिल्म




हाउसफुल सीरीज दर्शकों की सबसे पसंदीदा फ्रैंचाइज रही है। इसके सभी पार्ट्स को दर्शकों ने काफी पसंद किया और बॉक्स ऑफिस पर सभी को काफी सफलता थी।

हाल ही में एक मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि हाउसफुल 4 बॉलिवुड की सबसे बड़े बजट की कॉमिडी फिल्म होगी। एक सूत्र के मुताबिक, फिल्म की स्टारकास्ट काफी बड़ी है। फिल्म के डायरेक्टर चेंज होने के बाद दोनों को ही पेमेंट किया गया है। बता दें, फिल्म का निर्देशन पहले साजिद खान कर रहे थे लेकिन अब इसे फरहाद सामजी बना रहे हैं।

यही नहीं, नाना पाटेकर को भी फिल्म से रिप्लेस किया गया तो उन्हें भी भुगतान किया गया है। सूत्र ने आगे बताया कि यह कॉमिडी फिल्म पुनर्जन्म पर आधारित है। फिल्म के लिए दो सिनेमेटोग्राफर्स काम कर रहे हैं जो कि 16वीं के साथ-साथ 21वीं सेंचुरी को भी कैप्चर करेंगे।

इसके अलावा फिल्म के गानों के लिए 7 यूजिक कंपोजर्स काम कर रहे हैं और इसे कई लोकेशन्स पर फिल्माया जा रहा है। फिल्म रीशूट भी हुई है जिस वजह से यह अब तक की सबसे महंगी कॉमिडी फिल्म बन रही है।

बता दें, हाउसफुल 4 में अक्षय कुमार, रितेश देशमुख, बॉबी देओल, कृति सैनन, कृति खरबंदा, पूजा हेगड़े, राणा दग्गुबाती, बोमन ईरानी और नवाजुद्दीन सिद्दीकी जैसे ऐक्टर्स नजर आएंगे।